भारत सरकार

शिक्षा मंत्रालय

उच्चतर शिक्षा विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्याः 2290

उत्तर देने की तारीखः 08.03.2021

केंद्रीय विश्वविद्यालय की स्थापना तथा विद्यालयों को सुदृढ़ किया जाना

†2290. डॉ. सुकान्त मजूमदार:

श्री विनोद कुमार सोनकर:

श्री राजवीर सिंह (राजू भैय्या):

डॉ. जयंत कुमार राय:

श्रीमती संगीता कुमारी सिंह देव:

श्री राजा अमरेश्वर नाईक:

श्री भोला सिंह:

क्या **शिक्षा मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का विचार लद्दाख में उच्च शिक्षा सुलभ कराने के लिए लेह में एक केंद्रीय विश्वविद्यालय की स्थापना करने का है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार का राष्ट्रीय शिक्षा नीति के सभी संघटकों को शामिल करने के लिए देश में लगभग 15,000 विद्यालयों को गुणवत्ता की दृष्टि से सुदृढ़ करने का प्रस्ताव है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसकी विशेषताएं क्या है; और

(ड.) सरकार द्वारा इस संबंध में अन्य क्या कदम उठाएगए हैं/उठाए जाने का विचार है?

उत्तर

शिक्षा मंत्री

(श्री रमेश पोखरियाल 'निशंक')

(क) से (ड.): माननीय प्रधान मंत्री ने 15 अगस्त 2020 को राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में लद्दाख, संघ राज्य क्षेत्र में एक केंद्रीय विश्वविद्यालय स्थापित करने सहित अनेक मुख्य पहलों की घोषणा की थी। इस प्रस्ताव को केंद्रीय बजट 2021-22 में भी शामिल किया गया है। इस बजट में 15000 स्कूलों को सुदृढ़ करने का उल्लेख है ताकि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के सभी संघटकों को शामिल करने हेतु इस नीति के आदर्शों को प्राप्त करने के लिए स्कूलों में लक्षित और समावेशी कार्यक्रम प्रदान किया जा सके जिससे ये अपने क्षेत्रों में आदर्श स्कूलों के रूप में उभर सकें।

*****